प्रेस नोट थाना रामगढ़ताल दिनांक 26-02-2021

05 अदद चोरी की मोबाइल व 01 अदद चोरी की मोटरसाईकिल के साथ 03 नफर शातिर चोर गिरफ्तार

पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा जनपद में अपराधों पर रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी कैण्ट के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक जगत नारायण सिंह थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर मय व0उ0नि0 सूर्य कान्त पंडित मय टीम को अंकुश लगाने एवं पर्दाफाश हेतु लगाया था। टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मूखबीर खास आकर सूचना दिया कि पैडलेगंज से नौकायन होते हुए एक मोटर साईकिल पर तीन व्यक्ति जो जनपद मे भीड़ भाड़ इलाके से मोबाइल चोरी करते है सिक्टौर की तरफ जा रहे है यदि जल्दी किया जाय तो पकड़े जा सकते है कि इस सूचना पर विश्वास कर व0उ0नि0 मय हमराह फोर्स के मुखबीर को साथ लेकर हनुमान मन्दिर रामपुर तिराहे पर पहुँच कर इन्तजार करने लगे कि कुछ ही मिनट बाद एक मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति सवार होकर नौकायन की तरफ से आते हुए दिखाई दिये। मुखविर खास ने दूर से ही इशारा करके बताया कि ये वही लड़के है। कि हम पुलिस वाले एकाएक चारो तरफ से घेर कर मोटर साइकिल सवार व्यक्तियो को रोकना चाहा कि हम पुलिस वालो को देखकर गाडी मुड़ाकर भागना चाहे कि हम पुलिस वाले मौके पर ही अभियुक्तगण अदनान, आदिल व रिजवान उल्लाह उर्फ राज को आज दिनांक 26.02.2021 को समय 06.00 बजे गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की 05 अदद मोबाइल व एक अदद मोटरसाईकिल बरामद किया गया। अभियुक्तगण से बरामद मोबाइल के बारे में पूछताछ पर बताये कि साहब हम तीनो लोग पाँचो मोबाइल शहर के भीड़ भाड़ वाले स्थानो से लोगों से चोरी किये है। वाहन के कागजात की माँग करने पर बताये कि साहब कुछ सालों पहले रेलवे स्टेशन से यह मोटर साइकिल चोरी किये थे।

गिरफ्तार अभियुक्तगण

1- अदनान पुत्र फकरूल हक निवासी जाफरा बाजार थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर।

2- आदिल पुत्र मो0 शमीम निवासी बेनीगंज इदगाह थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर।

3- रिजवान उल्लाह उर्फ राज पुत्र नूर मोहम्मद निवासी बेनीगंज ईदगाह थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर उम्र करीब 21 वर्ष

आपराधिक इतिहास

1- मु0अ0सं0 81/21 धार 41,411 भादवि थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर।

2- मु0अ0सं0 26/20 धारा 379,411,414,34 भादवि थाना जीआरपी जनपद गोरखपुर।

बरामदगी का विवरण व पंजीकृत अभियोग का विवरण

1- 05 अदद चोरी की मोबाइल विभिन्न कम्पनियों के

2- 01 अदद चोरी की डिस्कवर मोटरसाइकिल बिना नम्बर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम

1- प्रभारी निरीक्षक श्री जगत नारायण सिंह थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर

2- व0उ0नि0 श्री सूर्य कान्त पडित थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर

3- उ0नि0 श्री राजेश सिंह थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर

4- उ0नि0 श्री ब्रह्म कुमार उपाध्याय थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर

5- उ0नि0 श्री मनीष कुमार यादव चौकी प्रभारी आजाद चौक थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर

6- हे0का0 लक्ष्मण सिंह थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर

7- हे0का0 राम कुमार चौधरी थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर

8- का0 देवानन्द चौधरी थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर

9- का0 अंकित सिंह थाना रामगढताल जनपद गोरखपुर